स्प्री योजना में नियोक्ता और बीमितों की संगोष्ठी सम्पन्न

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से बुधवार को सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र में नियोक्ताओं और बीमितों की संगोष्ठी हुई। क्षेत्रीय कार्यालय जनसंपर्क अधिकारी जयपुर एसके पाण्डेय ने बताया कि संगोष्ठी में सीतापुरा औद्योगिक एसोसिएशन अध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, सचिव सुनील बाकलीवाल, निगम के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी मनोज कुमार साव, लोक सूचना अधिकारी संत कुमार पाण्डेय, सहायक निदेशक विवेक सिंह प्रतिहार व अन्य नियोक्ता व बीमित मौजूद थे।

साव ने नियोक्ताओं और कर्मचारियों के रजिस्ट्रेशन को बढ़ावा देने व सामाजिक सुरक्षा से जुड़े नए प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए ईएलआई योजना तथा स्प्री 2025 योजना के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि योजना एक जुलाई से 31 दिसम्बर तक लागू है। योजना में रजिस्ट्रेशन करवाने की तिथि या घोषित तिथि से कवरेज मिलेगा। जिन कर्मचारियों का अभी रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है, उन्हें भी रजिस्ट्रेशन तारीख से पूरा लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। सभी कर्मचारियों को इस अधिनियम के तहत रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है। ईएसआईसी ने रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तैयार किया है। परिहार ने रजिस्ट्रेशन के बाद मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।